# || श्री जाहरवीर चालीसा ||

**॥ दोहा ॥**

सुवन केहरी जेवर, सुत महाबली रनधीर ।
बन्दौं सुत रानी बाछला, विपत निवारण वीर ॥
जय जय जय चौहान, वन्स गूगा वीर अनूप ।
अनंगपाल को जीतकर, आप बने सुर भूप ॥

**॥ चौपाई ॥**

जय जय जय जाहर रणधीरा । पर दुख भंजन बागड़ वीरा ॥१॥
गुरु गोरख का है वरदानी । जाहरवीर जोधा लासानी ॥२॥
गौरवरण मुख महा विशाला । माथे मुकट घुंघराले बाला ॥३॥
कांधे धनुष गले तुलसी माला । कमर कृपान रक्षा को डाला ॥४॥

जन्में गूगावीर जग जाना । ईसवी सन हजार दरमियाना ॥५॥
बल सागर गुण निधि कुमारा । दुखी जनों का बना सहारा ॥६॥
बागड़ पति बाछला नन्दन । जेवर सुत हरि भक्त निकन्दन ॥७॥
जेवर राव का पुत्र कहाये । माता पिता के नाम बढ़ाये ॥८॥

पूरन हुई कामना सारी । जिसने विनती करी तुम्हारी ॥९॥
सन्त उबारे असुर संहारे । भक्त जनों के काज संवारे ॥१०॥
गूगावीर की अजब कहानी । जिसको ब्याही श्रीयल रानी ॥११॥
बाछल रानी जेवर राना । महादुःखी थे बिन सन्ताना ॥१२॥

भंगिन ने जब बोली मारी । जीवन हो गया उनको भारी ॥१३॥
सूखा बाग पड़ा नौलक्खा । देख-देख जग का मन दुक्खा ॥१४॥
कुछ दिन पीछे साधू आये । चेला चेली संग में लाये ॥१५॥
जेवर राव ने कुआ बनवाया । उद्घाटन जब करना चाहा ॥१६॥

खारी नीर कुए से निकला । राजा रानी का मन पिघला ॥१७॥
रानी तब ज्योतिषी बुलवाया । कौन पाप मैं पुत्र न पाया ॥१८॥
कोई उपाय हमको बतलाओ । उन कहा गोरख गुरु मनाओ ॥१९॥
गुरु गोरख जो खुश हो जाई । सन्तान पाना मुश्किल नाई ॥२०॥

बाछल रानी गोरख गुन गावे । नेम धर्म को न बिसरावे ॥२१॥
करे तपस्या दिन और राती । एक वक्त खाय रूखी चपाती ॥२२॥
कार्तिक माघ में करे स्नाना । व्रत इकादसी नहीं भुलाना ॥२३॥
पूरनमासी व्रत नहीं छोड़े । दान पुण्य से मुख नहीं मोड़े ॥२४॥

चेलों के संग गोरख आये । नौलखे में तम्बू तनवाये ॥२५॥
मीठा नीर कुए का कीना । सूखा बाग हरा कर दीना ॥२६॥
मेवा फल सब साधु खाए । अपने गुरु के गुन को गाये ॥२७॥
औघड़ भिक्षा मांगने आए । बाछल रानी ने दुख सुनाये ॥२८॥

औघड़ जान लियो मन माहीं । तप बल से कुछ मुश्किल नाहीं ॥२९॥
रानी होवे मनसा पूरी । गुरु शरण है बहुत जरूरी ॥३०॥
बारह बरस जपा गुरु नामा । तब गोरख ने मन में जाना ॥३१॥
पुत्र देन की हामी भर ली । पूरनमासी निश्चय कर ली ॥३२॥

काछल कपटिन गजब गुजारा । धोखा गुरु संग किया करारा ॥३३॥
बाछल बनकर पुत्र पाया । बहन का दरद जरा नहीं आया ॥३४॥
औघड़ गुरु को भेद बताया । तब बाछल ने गूगल पाया ॥३५॥
कर परसादी दिया गूगल दाना । अब तुम पुत्र जनो मरदाना ॥३६॥

लीली घोड़ी और पण्डतानी । लूना दासी ने भी जानी ॥३७॥
रानी गूगल बाट के खाई । सब बांझों को मिली दवाई ॥३८॥

नरसिंह पंडित लीला घोड़ा । भज्जु कुतवाल जना रणधीरा ॥३९॥
रूप विकट धर सब ही डरावे । जाहरवीर के मन को भावे ॥४०॥

भादों कृष्ण जब नौमी आई । जेवरराव के बजी बधाई ॥४१॥
विवाह हुआ गूगा भये राना । संगलदीप में बने मेहमाना ॥४२॥
रानी श्रीयल संग परे फेरे । जाहर राज बागड़ का करे ॥४३॥
अरजन सरजन काछल जने । गूगा वीर से रहे वे तने ॥४४॥

दिल्ली गए लड़ने के काजा । अनंग पाल चढ़े महाराजा ॥४५॥
उसने घेरी बागड़ सारी । जाहरवीर न हिम्मत हारी ॥४६॥
अरजन सरजन जान से मारे । अनंगपाल ने शस्त्र डारे ॥४७॥
चरण पकड़कर पिण्ड छुड़ाया । सिंह भवन माड़ी बनवाया ॥४८॥

उसीमें गूगावीर समाये । गोरख टीला धूनी रमाये ॥४९॥
पुण्य वान सेवक वहाँ आये । तन मन धन से सेवा लाए ॥५०॥
मनसा पूरी उनकी होई । गूगावीर को सुमरे जोई ॥५१॥
चालीस दिन पढ़े जाहर चालीसा । सारे कष्ट हरे जगदीसा ॥५२॥
दूध पूत उन्हें दे विधाता । कृपा करे गुरु गोरखनाथ ॥५३॥

॥ इति श्री जाहरवीर चालीसा संपूर्णम् ॥

# || Jaharveer Chalisa PDF ||

**॥ Doha ॥**

Suvana Kehari Jevar, Suta Mahabali Ranadhira।
Bandau Suta Rani Bachhala, Bipta Nivarana Vira॥

Jai Jai Jai Chauhana, Vansa Guga Vira Anupa।
Anangapala Ko Jitakara, Apa Bane Sura Bhupa॥

**॥ Chaupai ॥**

Jai Jai Jai Jahara Ranadhira।
Para Dukha Bhanjana Bagada Vira॥
Guru Gorakha Ka Hai Vardani।
Jaharvira Jodha Lasani॥

Gauravarana Mukha Maha Vishala।
Mathe Mukuta Ghunghrale Bala॥
Kandhe Dhanusha Gale Tulasi Mala।
Kamara Kripana Raksha Ko Dala॥

Janmen Gugavira Jaga Jana।
Isvi Sana Hajar Daramiyana॥

Bala Sagara Guna Nidhi Kumara ||
Dukhi Jano Ka Bana Sahara ||

Bagada Pati Bachala Nandana |
Jewara Suta Hari Bhakata Nikandana ||
Jevar Rava Ka Putra Kahaye |
Mata Pita Ke Nama Badhaye ||

Purana Hui Kamana Sari |
Jisane Vinati Kari Tumhari ||
Santa Ubare Asura Samhare |
Bhakta Jano Ke Kaja Sanvare ||

Gugavira Ki Ajaba Kahani |
Jisako Byahi Shriyala Rani ||
Bachala Rani Jevara Rana |
Mahadukhi The Bina Santana ||

Bhangina Ne Jaba Boli Mari |
Jivana Ho Gaya Unako Bhari ||
Sukha Baga Pada Naulakha |
Dekha-Dekha Jaga Ka Mana Dukha ||

Kucha Dina Pichhe Sadhu Aye |
Chela Cheli Sanga Me Laye ||
Jevara Rava Ne Kua Banvaya |
Udghatana Java Karana Chaha ||

Khari Nira Kue Se Nikala ।
Raja Rani Ka Mana Pighala ॥
Rani Taba Jyotishi Bulvaya ।
Kauna Papa Me Putra Na Paya ॥

Koi Upai Hamako Batalao ।
Una Kaha Gorakha Guru Manao ॥
Guru Gorakha Jo Khush Ho Jayi ।
Santana Pana Mushkil Nayi ॥

Bachala Rani Gorakha Guna Gave ।
Nema Dharama Ko Na Bisrave ॥
Kare Tapsya Dina Aur Rati ।
Eka Vakta Khai Rukhi Chapati ॥

Kartika Magha Me Kare Snana ।
Vrata Ikadasi Nhi Bhulana ॥
Puranamasi Vrata Nahi Chhode ।
Dana Punya Se Mukha Nahi Mode ॥

Chelon Ke Sanga Gorakha Aye ।
Naulakhe Mein Tambu Tanvaye ॥
Mitha Nira Kue Ka Kina ।
Sukha Baga Hara Kara Dina ॥

Meva Phala Saba Sadhu Khae।
Apane Guru Ke Guna Ko Gaye॥
Aughada Bhiksha Mange Aye।
Bachala Rani Ne Dukha Sunaye॥

Aughada Jana Liyo Mana Mahi।
Tapa Bala Se Kucha Mushkila Nahi॥
Rani Hove Manasa Puri।
Guru Sharana Hain Bahuta Jaruri॥

Baraha Barasa Japa Guru Nama।
Taba Gorakha Ne Mana Me Jana॥
Putra Dena Ko Hami Bhara Li।
Puranamasi Nischaya Kara Li॥

Kachhala Kapatina Gajaba Gujara।
Dhokha Guru Sanga Kiya Karara॥
Bachhala Banakara Putra Paya।
Bahana Ka Darada Jara Nahi Aya॥

Aughada Guru Ko Bheda Bataya।
Taba Bachhala Ne Gugala Paya॥
Kara Paradasi Diya Gugala Dana।
Aba Tuma Putra Jano Maradana॥

Lili Ghodi Aur Pandatani।
Luna Dasi Ne Bhi Jani॥
Rani Gugala Bata Ke Khayi।
Saba Banjho Ko Mili Dabayi॥

Narasimha Pandita Lila Ghoda।
Bhajju Kutawala Jana Ranadhira॥
Rupa Vikata Dhara Saba Hi Darave।
Jaharvira Ke Mana Ko Bhave॥

Bhado Krishna Jaba Naumi Ayi।
Jevararava Ke Baji Badhayi॥
Vivaha Hua Guga Bhaye Rana।
Sangaldipa Me Bane Mehamana॥

Rani Shriyala Sanga Pare Phere।
Jahara Raja Bagada Ka Kare॥
Arajana Sarajana Kachhala Jane।
Guga Vira Se Rahe Ve Tane॥

Dilli Jaye Ladne Ke Kaja।
Ananga Pala Chadhe Maharaja॥
Usane Gheri Bagada Sari।
Jaharvira Na Himmata Hari॥

Arajana Sarajana Jana Se Mare।
Anangapala Ne Shastra Dare॥
Charana Pakadkara Pinda Chhudaya।
Singha Bhavana Madi Banavaya॥

Usime Gugavira SAmaye।
Gorakha Tila Dhuni Ramaye॥
Punya Vana Sevaka Vahan Aye।
Tana Mana Dhana Se Seva Lae॥

Manasa Puri Unaki Hoyi।
Gugavira Ki Samare Joyi॥
Chalis Din Padhe Jahara Chalisa।
Sare Kasta Hare Jagadisa॥

Dudha Puta Unahe De Vidhata।
Kripa Kare Guru Gorakhanatha॥